दैनिक जागरण inext
Bareilly, Tuesday, 24 October 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 16
HAPPY VIJAYA DASAMI

PAGE NO : 06 TOP

25 अक्टूबर से होगा थिएटर फेस्टिव इंद्रधनुष

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (23 Oct): एसआरएमएस रिद्धिमा तीसरा थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष का आरंभ 25 अक्टूबर से होगा. इसका उद्घाटन शाम पांच बजे मशहूर शायर वसीम बरेलवी करेंगे. इसके बाद एसआरएमएस रिद्धिमा की ओर से अश्वनी कुमार लिखित और शैलेंद्र शर्मा निर्देशित नाटक 'मैं अधर्मी क्यों... रावण' का मंचन होगा. फेस्टिवल का समापन 31 अक्टूबर को पंख थिएटर ग्रुप के नाटक अनकही अनजली से किया जाएगा. इसके लेखक और निर्देशक सुप्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक मुकुल नाग हैं. सभी नाटकों की अवधि सवा घंटे हैं. दर्शकों की सुविधा को देखते हुए पहले दिन को छोड़ कर सभी नाटकों का मंचन प्रतिदिन दो बार किया जाएगा. पहला शो शाम चार बजे और दूसरा शो शाम 6.30 बजे होगा. इसकी विस्तृत जानकारी श्रीराममूर्ति स्मारक रिद्धिमा की वेबसाइट **www.srms.ac.in/riddhima** पर भी हासिल की जा सकती है.